मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-632
22/09/2026

# बिहार ग्रामीण बैंक ने 51 लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा, मुख्यमंत्री ने जताया आभार

पटना, 22 सितम्बर 2026 :– बिहार में आई बाढ़ के मद्देनजर प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए बिहार ग्रामीण बैंक ने 51 लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने इस सहयोग के लिये बिहार ग्रामीण बैंक का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि राज्य में आपदा एवं कठिन परिस्थितियों के समय जरूरतमंद लोगों की मदद में काम आएगी।

इस अवसर पर बिहार ग्रामीण बैंक के चेयरमैन श्री मुकुल सहाय, बिहार ग्रामीण बैंक के जनरल मैनेजर श्री संजॉय सिन्हा एवं श्री संजीव श्रीवास्तव सहित प्रतिनिधिमंडल में शामिल अन्य सदस्य उपस्थित थे।

*****